नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भागलपुर

भागलपुर जिलान्तर्गत राजभाषा के सफल कार्यान्वयन हेतु, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता का दायित्व दिनांक 13.03.2019 से हमारे यूको बैंक अंचल कार्यालय भागलपुर को प्रदान किया गया है। पूर्व में इसकी अध्यक्षता भारत संचार निगम लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की जा रही थी। वर्तमान मे, इस समिति में केंद्र सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको/बीमा कंपनीयों सहित कुल 29 कार्यालय है। समिति के अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र मोहापात्रा (उप महाप्रबंधक, यूको बैंक अंचल कार्यालय, भागलपुर) एवं सदस्य सचिव श्री सूरज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) हैं। समिति के अध्यक्ष के दिशानिर्देशन में नराकास के तत्वावधान में राजभाषा कार्यान्वयन को नयी दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।